


वर्ष 1 - अंक 76
शनिवार 15 फरवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585


रणजीत टाइम्स

# महाकुम्भ

## श्रद्धालुओं का महारिकॉर्ड

**मोदी जी ने दी योगी जी को बधाई अद्भुत अविश्वरणीय**



आदित्य शर्मा, 8224951278
सहसंपादक रणजीत टाइम्स

डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 50 करोड़ पार महाकुम्भ में अब तक 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया संगम स्नान महाकुम्भ बना दुनिया का पहला आयोजन जहां 50 करोड़ से अधिक लोग बने प्रत्यक्ष सहभागी मानव इतिहास के किसी आयोजन में इतनी बड़ी संख्या में लोगों के सहभागी होने के प्रमाण नहीं चीन और भारत की आबादी को छोड़ किसी देश की इतनी आबादी भी नही महाकुम्भ में शामिल लोगों की संख्या दुनिया के बड़े बड़े देशों की जनसंख्या तक नहीं।

अमेरिका, रूस, इंडोनेशिया, ब्राजील, पाकिस्तान व बांग्लादेश की जनसंख्या से अधिक लोगों ने लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी महाकुम्भ के समापन से 12 दिन पहले ही स्नानार्थियों की संख्या ने रचा कीर्तिमा योगी सरकार के सुव्यवस्थित प्रबंधों से महाकुम्भ 2025 बना ऐतिहासिक।

# स्कूल-संचालक के घर 70 लाख की चोरी

**मास्टरमाइंड ड्राइवर निकला: 11 चोरों ने मिलकर दी वारदात को अंजाम, 5 गिरफ्तार; 6 पारधी फरार**





**रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)**

शिवपुरी में एक बड़ी चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ईस्टर्न हाइट पब्लिक स्कूल के संचालक सुबोध अरोरा के घर से 70 लाख रुपए की चोरी का मामला सामने आया था। जांच में पता चला कि इस वारदात का मास्टरमाइंड स्कूल का ड्राइवर जुझार सिंह है।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने जांच के दौरान पाया कि चोरी की वारदात में कुल 11 लोग शामिल थे। इनमें से 6 पारधी चोर गुना से बुलाए गए थे। मुखबिर की सूचना पर जब प्रियदर्शनी कॉलोनी निवासी जुझार सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### गुना से बुलाए गए थे 6 पारधी

पूछताछ में जुझार सिंह ने खुलासा किया कि उसने अपने साथी पवन चौहान (मोगिया), जीतू उर्फ जितेंद्र (आदिवासी) और विनोद गुर्जर के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई थी। इस काम के लिए गुना से बुलाए गए छह पारधी बदमाशों में से तीन की पहचान संतोष पारधी, लखन पारधी और सुरजन पारधी के रूप में हुई वारदात से पहले 2 फरवरी को आरोपियों ने बाइक और स्कूटी से घर की रेकी की थी। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से लाखों का चोरी का माल बरामद किया है। फरार छह पारधी बदमाशों की तलाश जारी है। पुलिस टीम में फिजीकल थाना प्रभारी नवीन यादव, कोतवाली थाना प्रभारी कृपाल सिंह, देहात थाना प्रभारी रत्नेश सिंह और सायबर प्रभारी धर्मेन्द्र जाट शामिल हैं।

### आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान जब्त

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक एक्टिवा स्कूटी, दो बाइक और एक एम्बुलेंस बरामद की हैं। इसके अलावा, चोरी किए गए सोने-चांदी का जेवर भी जब्त किए हैं। पकडे गए आरोपियों जुझार सिंह, जीतू उर्फ जितेंद्र, पवन चौहान, कुलदीप सिंह, विनोद गुर्जर के नाम शामिल हैं। वहीं इस मामले में गुना के छह पारधी आरोपी फरार हैं, जिनमें से तीन के नाम सामने आ चुके हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

# परिणय सूत्र में बंधे कुणाल-रिद्धि

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के छोटे बेटे कुणाल सिंह चौहान शुक्रवार को परिणय सूत्र में बंध गए। उनके शादी समारोह में शामिल होने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाशजी, बागेश्वर धाम के पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री समेत कई गणमान्य व्यक्ति भोपाल पहुंचे। कुणाल की शादी भोपाल के डॉ. इंद्रमल जैन की पोती और संदीप जैन की बेटी रिद्धि के साथ सनातन और जैन परंपराओं के अनुसार हुई। भोपाल में हुए स्वागत समारोह में राज्यपाल मंगु भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्य, कई सांसद, विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के अलावा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी व राजनेता भी पहुंचे।





आशीर्वाद देने पहुंचे उपराष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्री गडकरी, उप्र के सीएम योगी समेत कई विशिष्ट मेहमान

## बारात में थिरके शिवराज - साधना

रिसेप्शन से पहले कुणाल सिंह की बारात निकाली गई। जिसमें मां साधना सिंह, पिता शिवराज सिंह और भाई कार्तिकेय जमकर नाचे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी बारात में नाचते नजर आए।



### आयुष विभाग का स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**देवास।** आयुष विभाग द्वारा जिले में राष्ट्रीय आयुष मिशन की लोक स्वास्थ्य सेवा प्रदाय योजनांतर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से आयुष विभाग के डाक्टर और पैरामेडिकल टीम स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करा रही है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम ने बताया कि खातेगांव में हरणगांव के पास ग्राम करोंदखुर्द में शिविर का आयोजन कर 378 मरीजों की जांच, निदान तथा उपचार किया गया। शिविर में 179 पुरुषों तथा 199 महिलाओं की जांच कर निदान और उपचार किया गया। सबसे अधिक रोगी वात, उदर, चर्मरोग, आमवात तथा स्त्री रोग के मिले। शिविर में औषधीय पौधों का वितरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को सोनकच्छ ब्लॉक के काछीगुराड़िया में आयोजित किया जायेगा।

### फरवरी माह में अवकाश दिवसों में पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे

**देवास।** वरिष्ठ जिला पंजीयक देवास ने बताया कि जन सामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुए माह फरवरी में शनिवार अवकाश दिवसों में जिला मुख्यालय स्थित समस्त उप पंजीयक एवं वरिष्ठ जिला पंजीयक कार्यालय पंजीयन एवं शासकीय कार्य के लिए खुले रहेंगे।

### राष्ट्रीय महिला दिवस पर दी स्वास्थ्य की जानकारी

**देवास।** भारत विकास परिषद देवास शाखा द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 20 छात्राओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट और गायत्री शक्तिपीठ की संस्कार शाला में मंत्र उच्चारण व दीप यज्ञ कराया गया। बच्चियों को उनके स्वास्थ्य के बारे में और आयरन और एनीमिया के बारे में भी जानकारी दी गई। लड्डू व चाकलेट सभी बच्चों में वितरित की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष मीना राव, सचिव अंतिम अग्रवाल व कोषाध्यक्ष शालिनी चव्हाण उपस्थित थे। उक्त जानकारी कीर्ति चव्हाण ने दी।

# कीटनाशक बनाने वाली कंपनी में लगी आग

रणजीत टाइम्स

औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कीटनाशक बनाने वाली कंपनी में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर नगर निगम, बीएनपी सहित अन्य दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र स्थित फाइन पेस्ट सल्फर इंडिया प्रा.लि. कंपनी में शुक्रवार की दोपहर में अचानक आग लग गई। कंपनी में आग लगने की सूचना मिलने पर सीएसपी दीशेष अग्रवाल, तहसीलदार सपना शर्मा, औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस व नगर निगम, बीएनपी सहित औद्योगिक इकाइयों की फायर वाहन मौके पर पहुंचे तथा आगे बुझाने में



जुट गए। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

सीएसपी दीशेष अग्रवाल ने बताया कि औद्योगिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत उक्त कंपनी है, जो कीटनाशक दवा बनाती है। कंपनी में आग लगने की सूचना पर पुलिस बल सहित फायर वाहन मौके पर पहुंचे थे और टीम द्वारा मुस्तैदी के साथ काम करते हुए आग पर काबू पा लिया। आगजनी की घटना में लगभग 5 अलग-अलग संस्थाओं की फायर बिग्रेड व रिफिलिंग के टैंकर भी तत्काल आ रहे थे। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा।

# आयुक्त ने लोक अदालत में कर वसूली के दिए निर्देश

रणजीत टाइम्स

नगर निगम के प्रमुख आय के स्त्रोत, संपत्ति कर, जलकर की वसूली की समीक्षा बैठक में शुक्रवार 14 फरवरी को आयुक्त रजनीश कसेरा द्वारा समस्त वसूलीकर्ताओं को निर्देशित किया गया। 8 मार्च को लोक अदालत के पूर्व समस्त संपत्ति कर, जल कर बकायादारों को बकाया करें के बिलों की तामिली हर हाल मे कराई जाए।

बैठक में संपत्ति कर के बड़े बकायादार जो कर जमा नहीं कर रहे है। उनके विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही भी प्रस्तावित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में आयुक्त द्वारा पूर्व में कुल मांग के 35 प्रतिशत के आधार पर वसूली की समीक्षा वार्ड वार की गई। जिन वसूलीकर्ताओं ने निर्धारित लक्ष्य अनुरूप वसूली नहीं की गई है एवं जिन्होंने 10 प्रतिशत से कम वसूली की गई है, उनको आगामी दिवसों में वसूली लक्ष्य अनुरूप करने के सख्त निर्देश दिये गये अन्यथा विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। बैठक में आयुक्त द्वारा जलकर की वसूली की समीक्षा की गई तथा आगामी लोक अदालत मे जलकर की वसूली हेतु बकाया बिलों की तामिली भी शत-प्रतिशत रूप से करने के निर्देश भी जलकर प्रभारी को दिये




गये। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की वसूली गत लोक अदालत से अधिक हो इस हेतु बकाया संपत्ति कर बिलों की तामिली समय के पूर्व करें। साथ ही औद्योगिक इकाईयों से भी संपर्क करने के निर्देश जारी किये गये। बैठक में शासन द्वारा करों की वसूली हेतु अपग्रेड किये गये नवीन ई-नगर पालिका पोर्टल की जानकारी ई-नगर पालिका अधिकारी आनंद प्रजापति द्वारा वसूलीकर्ताओं को दी गई। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि इस पोर्टल पर शहर के नागरिक अपने समस्त प्रकार के करों, जिसमें संपत्ति कर, जलकर एवं अन्य करों का भुगतान कर सकते है। पोर्टल में शहर के समस्त 87 हजार करदाताओं का डेटा फीट कर दिया गया है। इस पोर्टल पर करों की राशि रुपये 3 लाख करदाताओं द्वारा जमा कराई जा चुकी है। पोर्टल पर करदाता का मोबाईल नम्बर दर्ज करने पर संपत्ति की जानकारी उपलब्ध हो जावेगी।

नगर निगम कार्यालय मे करदाताओं को कर भरने की सुविधा हेतु 31 मार्च तक शासकीय अवकाश में भी संपत्ति कर, जलकर के काउंटर खुले रहेंगे। बैठक में निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, लेखा अधिकारी दिलीप गर्ग, राजस्व अधिकारी प्रवीण पाठक, दिनेश चौहान, सुर्यप्रकाश तिवारी, दिलीप मालवीय सहित राजस्व निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक व उनके सहायक उपस्थित रहे।

### कन्या महाविद्यालय में अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रारंभ

**देवास।** मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं कार्यालय निदेशक स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना भोपाल के निर्देशानुसार उद्यमिता विकास केंद्र मप्र सेडमैप द्वारा महारानी पुष्पमाला राजे पावर शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में 13 फरवरी से 12 मार्च 2025 तक का अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, संप्रेषण कला एवं कंप्यूटर कौशल विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. भारतसिंह गोयल, प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. प्रीति तगाया, सेडमैप के समन्वयक राजेंद्र त्रिपाठी एवं प्रशिक्षक संजीव वैद्य द्वारा मां सरस्वती का पूजन करके किया गया। इसके पश्चात समन्वयक राजेंद्र त्रिपाठी ने ट्रेनिंग के विभिन्न विषयों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को ट्रेनिंग हेतु प्रेरित किया।

**बहिरंग** भारत भवन में आयोजित 43वें वर्षगांठ समारोह के दूसरे दिन हुई विभिन्न प्रस्तुतियां

# मंच पर बिखरी संगीत और लोकनृत्यों की अद्भुत छटा

रणजीत टाइम्स

बड़ी झील किनारे बसा बहुरंगी कलाओं का केन्द्र भारत भवन शुक्रवार शाम भारतीय शास्त्रीय संगीत और मप्र की प्रचीन लोक संस्कृतियों से सजी प्रस्तुतियों का गवाह बना। यहां एक तरफ शास्त्रीय संगीत के आरोह-अवरोह का क्रम था तो दूसरी तरफ पारंपरिक लोक नृत्यों की अद्भुत छटा। भारत भवन के 43वें वर्षगांठ समारोह की दूसरी शाम कुछ इसी तरह की प्रस्तुतियों से सजा। जहां पहले पद्श्री कलाकार अर्जुन सिंह धुर्वे एवं साथियों की लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति हुई। इसके बाद वरिष्ठ कलाकार और राज्य शिखर सम्मान से अलंकृत दो कला मनीषियों की प्रस्तुतियों ने वर्षगांठ समारोह की शोभा बढ़ाई। प्रस्तुतियों के क्रम में पहले सुनील पावगी ने हवाईयन



गिटार की मधुर धुनों को पेश किया। इसके बाद इंदौर की कलाकार वरिष्ठ गायिका कल्पना झोकरकर का एकल गायन हुआ। देर शाम तक चल शास्त्रीय गीतों की इस सभा को कला प्रेमियों ने बड़े ही धैर्यपूर्वक सुना और प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इस अवसर पर भारत भवन न्यास के अध्यक्ष डॉ. वामन केन्द्रे, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल सहित बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कला समीक्षक विनय उपाध्याय ने किया।

### लोकनृत्यों की प्रस्तुति से शुरुआत

वर्षगांठ समारोह के दूसरे दिन की प्रस्तुति का आगाज पद्श्री अर्जुन सिंह धुर्वे एवं साथी कलाकारों द्वारा पेश किये गये लोकनृत्यों की प्रस्तुति से हुआ। प्रस्तुति के क्रम में अर्जुन ने परघौनी नृत्य पेश किया। इस नृत्य में दिखाया गया कि शादी के समय दुल्हन के भाई को खाट पर बैठाकर उत्सव बनाते हैं। इस प्रस्तुति में नर्तकों ने अपनी वर्षों पुरानी पारंपरिक प्रथा को प्रदर्शित किया। प्रस्तुति के अगले क्रम में लोकनृत्य कलाकारों ने कर्मा नृत्य की प्रस्तुति दी। यह नृत्य बैगा कलाकारों द्वारा फसल की खुशी में किया जाता है। इसमें महिला और पुरुषों में गीत गायन को लेकर एक तरह की प्रतिस्पर्धा होती है। लोक संगीत से सजी इस प्रस्तुति को 15 कलाकारों के समूह ने पेश किया।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज

## संक्षिप्त समाचार

### न्यायाधीश सनोड़िया का स्थानांतरण

**उज्जैन।** श्रम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी गिरिजेश कुमार सनोडिया का मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डिंडोरी पद पर स्थानांतरण होने पर अभिभाषकगण हरदयालसिंह ठाकुर, दिनेशचंन्द्र पण्ड्या, मस्तानसिंह छाबड़ा, योगेश व्यास, जुबैर कुरैशी, राजेश वडेरा, कुंवर कर्णसिंह, जिगरजीत सिंह छाबड़ा, दीपकसिंह चुण्डावत, राधे राजपूत, लखन उपाध्याय, मनीष तिवारी, देवेन्द्र जोशी ने शाल, श्रीफल एवं महाकाल का चित्र भेंट कर श्री सनोडिया का सम्मान किया।

### योग एवं ध्यान शिविर संपन्न

**उज्जैन।** संस्था हार्टफुलनेस द्वारा विक्रम विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों एवं अध्ययनशालाओं में प्राचीन योग एवं ध्यान पद्धति का अभ्यास शिविर आयोजित किया गया। अतिथि कुलगुरु प्रो.अर्पण भारद्वाज थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में योग एवं ध्यान मन मस्तिष्क को प्रफुलित रखने एवं चैतन्य को जागृत करने का मार्ग है। डॉ. अंशु भारद्वाज, डॉ. उमा परमार, डॉ. स्मिता भवालकर, डॉ. संगीता पाटकर, डॉ. नीना आर्य, ज्योति सचान ने प्रशिक्षण दिया।

### शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शहीद पार्क स्थित स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। पंकज जायसवाल, सैयद अबीद अली मीर, जगन्नाथ अष्टकर, सादिक मंसूरी, इकबाल हुसैन, चेतन ठक्कर, राजेश अग्रवाल, नासिर मंसूरी, अनुदीप गंगवार उपस्थित थे।

### चार नए 33/11 केवी उपकेन्द्र की होगी स्थापना

**उज्जैन।** सिंहस्थ महापर्व-2028 अंतर्गत निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति तथा शहर एवं मेला क्षेत्र में विद्युत वितरण व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु उर्जा विभाग द्वारा नानाखेड़ा, वाल्मीकि धाम, नागतलाई एवं चारधाम क्षेत्र में 33/11 के.वी. उपकेन्द्र की स्थापना 29.83 करोड़ रुपए लागत से की जाएगी।


### पंचायत सचिव निलंबित

**उज्जैन।** जिला पंचायत सीईओ जयतिसिंह ने ग्राम पंचायत बदरखाम्बेरसिया के सचिव भगवानपुरी को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में भगवानपुरी का मुख्यालय जनपद पंचायत उज्जैन रहेगा और वे बिना पूर्व अनुमति प्राप्त किए मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से अशोक मालवीय ग्राम रोजगार सहायक को स्व कार्य के साथ अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इसी प्रकार सीईओ जयतिसिंह ने ग्राम पंचायत रामड़ी के ग्राम रोजगार सहायक देवीसिंह चांदना के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर उसकी संविदा सेवा समाप्त करने के आदेश जारी किए हैं।

### उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार ने धन्वंतरि चिकित्सालय और महाविद्यालय को दी सौगातें

# स्वास्थ्य सेवाओं में प्रथम आने के लिए प्रदेश के चिकित्सकों को कर्मयोगी बन करना होगा काम





**रणजीत टाइम्स**

प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार ने उज्जैन प्रवास के दौरान शुक्रवार को शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाइब्रेरी, लिफ्ट और गर्भाधान संस्कार कक्ष का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी जेपी चौरसिया भी उपस्थित थे।

चिकित्सकों को संबोधित करते हुए श्री परमार ने कहा कि, प्रदेश को आयुर्वेद शिक्षा और चिकित्सा के माध्यम से हमें स्वास्थ्य सेवाओं में प्रथम स्थान पर लाना होगा। इसके लिए आप सभी को कर्म योगी बनकर काम करना होगा। दुनिया की सबसे प्राचीन, आधुनिकतम और ज्ञान पर आधारित हमारे आयुर्वेद पद्धति सबसे विशिष्ट है। इस चिकित्सा पद्धति को आम जनता तक पहुंचाने और उसके लाभ से अवगत करने के लिए हमें लगातार प्रयास करना होंगे। श्री परमार ने बताया कि भारत प्राचीन काल से ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्व गुरु रहा है। अनेक प्रकार की बीमारियों के लक्षण को पहचानना उसका अनुसंधान करना और उसका उपचार करना हमारी विशेषता रही है, आने वाले समय में हम विश्व गुरु के रूप में स्थापित होने के लिए आयुर्वेद को भी एक प्रमुख माध्यम बनाना चाहते हैं। सिकल सेल जैसी बीमारी का इलाज आयुर्वेद में बेहतर तरीके से किया जा सकता है इसके लिए जरूरी है कि वनवासी क्षेत्र में हम आयुर्वेद से उपचार की सुविधा उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि, आप देवदूत बनकर काम करें। लोग की सेवा करें और समाज में अपना श्रेष्ठ स्थान बनाएं हमारे प्राचीनतम उपचार पद्धति का उपयोग कर हम यदि समाज सेवा करते हैं तो उससे हमें कई गुना लाभ मिलेगा। श्री परमार ने वार्षिक रिपोर्ट का भी विमोचन किया।

**मंत्री परमार ने आयुर्वेद महाविद्यालय का किया निरीक्षण-**चिकित्सालय के निरीक्षण के बाद आयुष मंत्री श्री परमार ने शासकीय धनवंतरि आयुर्वेद महाविद्यालय पहुंचकर भगवान श्री धन्वंतरि की पूजा की और आयुर्वेद महाविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शासन के द्वारा प्रदेश मे पांच आयुर्वेदिक कॉलेज की अनुमति प्रदान की गई है। इसी के साथ दो 50 बिस्तर अस्पताल की अनुमति भी मिली है। जिसका निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। यूनानी चिकित्सा शिक्षा में केवल उर्दू में पढ़ाई होती थी। अब उर्दू के साथ हिंदी और अंग्रेजी भाषा में भी पढ़ाई शुरू की जाएगी। जिससे सब सभी लोगों को इसका लाभ मिल सके। श्री परमार द्वारा आधुनिक व्यायामशाला का भी लोकार्पण किया। इसके साथ औषधि महाविद्यालय के छात्रों के लिए टर्फ ग्राउंड, बस सेवा, औषधि वन,नवनिर्मित लाइब्रेरी के लोकार्पण के समय निर्देश दिए कि इस लाइब्रेरी का नाम अमरकोश की रचना करने वाले हमारे विद्वान अमर सिंह के नाम पर रखा जाए। निर्देश दिए कि आयुर्वेद महाविद्यालय में दवाई अनुसंधान केंद्र बनाएं। सभी कॉलेज आयुर्वेद औषधियों का निर्माण भी करे। लाइब्रेरी की सभी किताबों का ई-फॉर्मेट तैयार किया जाए और यह सभी के लिए उपलब्ध हो।

#### साधारण सभा में प्रस्तावों पर चर्चा

श्री परमार की अध्यक्षता में आयोजित आयुर्वेद महाविद्यालय की साधारण सभा में प्रस्तावों पर चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि, आयुर्वेद महाविद्यालय के साथ ही 50 बिस्तर चिकित्सालय पास में ही होना चाहिए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को जमीन चिंहित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। साधारण सभा की बैठक में संभाग आयुक्त संजय गुप्ता ने पुरानी आडिट आपत्ति खत्म करने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक सतीश मालवीय, अनिल जैन कालूहेड़ा, जेपी चौरसिया और साधारण सभा के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में आय-व्यय का लेखा भी प्रस्तुत किया गया।

## निगम कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन



**रणजीत टाइम्स**

अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे निगम कर्मचारी वाहनों से रैली के रुप में ग्रांड होटल पहुंचे। यहां निगम अध्यक्ष एवं महापौर को ज्ञापन सौंपा। डॉ. पवन व्यास ने ज्ञापन का वाचन किया। रामचंद्र नागर, पी.के. टटवाल, रमेशचंद्र मकवाना, अजयप्रकाश मेहता, सत्यनारायण दास, कैलाश जैन, चंदगीराम पहलवान, रमेशचंद्र रघुवंशी, नितिन मुसले, संदीप कलोसिया, अल्काब, महेश झंझोट, गय्यूर, मुकेश भाटी, अब्दुल हमीद, लालू गोसर, अनिल शर्मा, राजेश गुप्ता, दीपक मकड़ावन, शैलेष नागर, सुनील भैरवे उपस्थित थे।

## विक्रम विवि करेगा कम्युनिटी रेडियो स्टेशन और आधुनिक डिजिटल स्टूडियो की स्थापना

**रणजीत टाइम्स**



विक्रम विश्वविद्यालय की युनेस्को अवार्ड प्राप्त सतत शिक्षा अध्ययनशाला तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला में कम्युनिटी रेडियो स्टेशन स्थापित किया जाएगा तथा आधुनिक संसाधनों से युक्त डिजिटल स्टूडियो की स्थापना की जाएगी। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

यह बात विक्रम विवि के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने युनेस्को द्वारा घोषित विश्व रेडियो दिवस पर सतत शिक्षा अध्ययनशाला तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला द्वारा रेडियोः एक सदी की जानकारी मनोरंजन और शिक्षा विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में कही। उन्होंने कहा कि रेडियो एक श्रवण माध्यम से होने वाला संचार का महत्वपूर्ण साधन है। संभागीय जनसंपर्क कार्यालय के उपसंचालक अरुण कुमार राठौर ने कहा कि, जनसंचार माध्यमों के प्रारम्भिक उद्भव में रेडियो ही एक मात्र ऐसा साधन है जिसने मनुष्य की दिनचर्या में अपनी उपस्थिति दर्ज की है। प्रो.धर्मेंद्र मेहता, डॉ. सुशील कुमार शर्मा , डॉ. अजय शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सुमित कुमार, कुलदीप शर्मा, सारांश दिवान, स्मृति उपाध्याय, झलक शिकारी, अंतिमबाला, पायल, अलका एवं अमन खान ने रेडियो विषय पर प्रस्तुति दी।